# कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

रा 595/रा0वि0आ0–पा0नि0/नि0कार्य/टेण्डर/2024–25 दिनॉक: 21 सितम्बर 2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष–2024–25 में रा0वि0आ0/पा0नि0 के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में से निम्नलिखित 01 निर्माण कार्य की जी0एस0टी0 रहित सीलवन्द निविदायें निम्नलिखित नियम व शर्तों के अधीन प्रतिशत दर के आधार पर नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में वर्ष 2024–25 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से दिनॉक: 7.10.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक नगर पालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में, 2–प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं 3–उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं–04:30 बजे खोली जायेगी। निविदा के साथ रु0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र (निर्धारित प्रारूप) तथा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। कार्य हेतु पृथक–पृथक धरोहर/जमानत धनराशि टेण्डर के साथ संलग्न करना होगा। निविदा फार्म नगर पालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय से दिनॉक: 04.10.2024 को कार्यालय अवधि (प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को विना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट- www.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

| कार्य संख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा प्रत्रक मूल्य | जीएसटी 18 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य | कार्य समाप्त करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नगर पालिका परिषद बहराइच कार्यालय की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य | 559530.00 | 11200.00 | 550.00 | 99 | 649.00 | दो माह |

**शर्ते**

1. निविदा के सील बन्द लिफाफे पर निविदा कार्य संख्या एवं कार्य का नाम अंकित करना होगा।
2. सीलबन्द निविदायें अधिशासी अधिकारी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच एवं उपजिलाधिकारी बहराइच के कार्यालय में रखे बाक्स में दिनांक: 7.10.24 को सायं 04:00 वजे तक ही डाली जायेंगी, जो उसी दिन 04:30 बजे अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बहराइच के कार्यालय में खोली जायेंगी।
3. अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा की बिक्री एवं प्राप्त होने तथा खालने की तिथि पर किसी कारणवश कार्यालय वन्द रहता है तो निविदा विक्री एवं प्राप्त होने तथा खालने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेगी, स्थान व समय तथा निविदा की बैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी।
4. निविदा स्वीकृति/कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात् ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य स्थल पर लगाये जाने वाले श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग में एक सप्ताह के भीतर कराकर पंजीयन प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराना होगा।
5. कार्य स्थल पर कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य के दौरान व कार्य पूर्ण होने पर अलग–अलग फोटोग्राफ देना होगा एवं कार्य प्रारम्भ से पहले स्थल पर साइन बोर्ड ठेकेदार को लगाना होगा।
6. स्थल पर कार्य पूर्ण होने से पूर्व सामग्रियों की जॉच ठेकेदार को अपने खर्च पर स्वयं करानी होगी।
7. निविदा स्वीकृत उपरान्त कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात् कार्य प्रारम्भ होने की सूचना अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता को लिखित रूप में ठेकेदार को देना होगा। तदोपरान्त अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।
8. कार्य स्थल पर सत्यापन के दौरान यदि कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी पायी जाती है तो ठेकेदार को तत्काल अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार कार्य को मानक के अनुरुप कराना होगा, अन्यथा कराये गये कार्य का भुगतान नही किया जायेगा।
9. नगर पालिका परिषद बहराइच में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों के अतिरिक्त अन्य विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो को टेण्डर फार्म को क्रय करने के समय विभाग का पंजीकरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति साथ में संलग्न करनी होगी तथा निविदा के साथ पंजीकरण, हैसियत, चरित्र प्रमाण–पत्र, पैन कार्ड, जी0एस0टी एवं अनुभव प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
10. स्थल पर कार्य पूर्ण होने से पूर्व प्रयुक्त निर्माण सामग्रियों की जॉच ठेकेदार को स्वयं अपने खर्च पर करानी होगी।

Scanned with OKEN Scanner

11. नगर पालिका परिषद बहराइच में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म को छोड़कर अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को नगर पालिका परिषद बहराइच में नियमानुसार पंजीकरण कराना होगा तदोपरान्त नियमानुसार कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

12. उक्त कार्य हेतु कम से कम तीन निविदायें प्राप्त होने पर निविदा की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।

13. प्राप्त किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद बहराइच को होगा। इस सम्बन्ध में किसी का दावा स्वीकार नही होगा।

14. उपरोक्त समस्त शर्तों का पालन ठेकेदार/फर्मो को करना होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा की स्वीकृति पर विचार नही किया जायेगा।

15. उक्त निविदा सूचना में अंकित निविदा की धनराशि में 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशित सम्मलित नही है जिसका भुगतान नियमानुसार बिल की धनराशित में सम्मलित करते हुए किया जायेगा।

16. कार्य हेतु अवशेष 8 प्रतिशत जमानत धनराशित ठेकेदार/फर्म को अनुबंध के समय टी0डी0आर/एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में जमा करना होगा अन्यथा की स्थिति में 8 प्रतिशत जमानत धनराशि की कटौती भुगतान बिल से कर ली जायेगी।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

Sudha devi
(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

पृ0सं0 एवं दिनाँक–उपरोक्त

प्रतिलिपि–

1– जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2–प्रभारी अधिकारी महोदय स्थानीय निकाय बहराइच को उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा प्रपत्रों की पाँच–पाँच प्रतियाँ इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार निविदा फार्मो की बिक्री हेतु किसी कर्मचारी को अधिकृत करने के साथ–साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर टेण्डर बाक्य में पड़े निविदा फार्मो को खालने का कष्ट करें।

3–उपजिलाधिकारी महोदय बहराइच को उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा फार्मो की पाँच–पाँच प्रतियाँ इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि निर्धारित तिथि को निविदा फार्मो की बिक्री तथा निविदा फार्मो को जमा किये जाने हेतु अपने अधीनस्थ किसी कर्मचारी को अधिकृत करने की कृपा करें।

4–कार्यालय जिलाधिकारी/बहराइच/उपजिलाधिकारी बहराइच/नगर पालिका परिषद बहराइच के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

Scanned with OKEN Scanner